# 8. बंदर बांट
## प्रश्नोत्तर

प्रश्न.1: दोनों बिल्लियों के बीच झगड़े की जड़ क्या थी?
(क) उनके झगड़े का हल कैसे निकाला गया?
उत्तर : दोनों बिल्लियों के झगड़े की जड़ रोटी का टुकड़ा था। दोनों उस पर अपना हक जता रहीं थीं। बंदर ने तराज़ू निकाला और समान बँटवारा करते हुए सारी रोटी स्वयं खा ली।
प्रश्न.2: तुम किस-किस के साथ अक्सर झगड़ते हो?
(क) झगड़ते समय तुम क्या-क्या करते हो?
(ख) जब तुम किसी से झगड़ते हो तो तुम्हारा फ़ैसला कौन करवाता है?
उत्तर : अक्सर हम अपने बराबर के भाई-बहनों या दोस्तों के साथ लड़ते हैं।
(क) लड़ते या झगड़ते समय एक दूसरे की चीज़ ले लेते हैं, उन्हें मारते हैं, धक्का दे देते हैं या उनकी शिकायत करते हैं।
(ख) जब हम झगड़ते हैं, तो हमारा फैसला हमारे बड़े लोग करते हैं।

## जूले

प्रश्न.1: लेह में लोग एक-दूसरे से मिलने पर एक-दूसरे को जूले कहते हैं। मिलने पर दोनों बिल्लियाँ एक-दूसरे को नमस्ते कहती हैं।

(क) तुम इन लोगों से मिलने पर क्या कहती हो?
• तुम्हारी सहेली/दोस्त
• तुम्हारे शिक्षक
• तुम्हारी दादी/नानी
• तुम्हारे बड़े भाई/बहन
(ख) अब पता लगाओ तुम्हारे साथी कक्षा में कितने अलग-अलग तरीकों से नमस्ते कहते हैं?
उत्तर: (क)• तुम्हारी सहेली/दोस्त– हैलो, हाय, कैसे हो आदि कहते हैं।
• तुम्हारे शिक्षक– नमस्ते या गुडमॉर्निंग सर कहते हैं।
• तुम्हारी दादी/नानी– नमस्ते/ चरण स्पर्श/ राम-राम/ जय श्री कृष्णा कहते हैं।
• तुम्हारे बड़े भाई बहन– नमस्ते/ गुडमॉर्निंग/ हैलो कहते हैं।

## तुम्हें क्या लगता है ?

प्रश्न **1:** अगर बंदर बीच में नहीं आता तो तुम्हारी राय में रोटी किस बिल्ली को मिलनी चाहिए थी?
उत्तर: अगर बंदर बीच में न आता तो रोटी काली बिल्ली को ही मिलनी चाहिए थी क्योंकि उसने हिम्मत दिखा कर रोटी उठा ली थी।
प्रश्न**.2:** बंदर ने बिल्लियों से यह सवाल क्यों पूछा होगा कि उन्होंने रोटी


• एक आँख से देखी थी या दोनों आँखों से?
• एक टाँग से झपटी थी या दोनों टाँगों से?
उत्तर : बंदर दोनों बिल्लियों को मूर्ख बनाकर यह बताना चाहता था कि वह सही न्याय करेगा।

## प्रश्नोत्तर

प्रश्न.1: कहानी का शीर्षक बंदर-बाँट क्यों है?
उत्तर : कहानी का शीर्षक बंदर बाँट रखा गया है क्योंकि बंदर दोनों बिल्लियों में रोटी बराबर बाँटने वाले की भूमिका निभाता  है। बंदर अपनी चतुराई से रोटी भी खा जाता है और दोनों का भला भी बन जाता है। इस तरह कहानी का मुख्य पात्र वह बन जाता है।
प्रश्न.2: तुम नाटक को क्या नाम देना चाहोगी?
उत्तर : हम नाटक को दो की लड़ाई में तीसरे का फ़ायदा, लड़ाई का फल, बंदर बना जज इत्यादि नाम भी दे सकते हैं।
प्रश्न.3: जो शीर्षक तुमने दिया, उसे सोचने का कारण बताओ।
उत्तर : इस शीर्षक को रखने का कारण यह है कि दो बिल्लियों के झगड़े में बंदर रोटी खा जाता है। बिल्लियाँ यदि आपस में नहीं लड़तीं, तो बंदर को यह मौका नहीं मिल पाता ।

# माप-तोल

प्रश्न.1: बंदर ने रोटी बराबर बाँटने के लिए तराज़ू का इस्तेमाल किया। तराज़ू का इस्तेमाल चीज़ों को तोलने के लिए करते हैं। नीचे दी गई चीज़ों में से किन चीज़ों को तोलकर खरीदा जाता है?



उत्तर: तरबूज़, काशीफल, चावल।

प्रश्न 2: तोलते वक्त एक पलड़े में तोली जाने वाली चीज़ रखी जाती है और दूसरे में तोलने के लिए बाट। बाट किस धातु या चीज़ का बना होता है?

उत्तर : आमतौर पर बाट लोहे का बना होता है। इसके अतिरिक्त सुनार लोग सोने-चाँदी की धातुएँ तोलने के लिए पीतल के छोटे-छोटे बाट इस्तेमाल करते हैं।